Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 14-07-2022 | अंक 284

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# दुलमहा में अमृत सरोवर का शिलान्यास

## इस योजना से किसानों को मिलेगा लाभ : बीडीओ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शिलान्यास करते बीडीओ, मुखिया वा अन्य



तालाब की खुदाई करती बरही बीडीओ सी आर इंदवार



मनरेगाकर्मियों के साथ बीडीओ

बरही प्रखंड अंतर्गत दुलमहा में गुरुवार को समारोह पूर्वक अमृत सरोवर का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास बरही बीडीओ सी आर इंदवार, मुखिया नारायण यादव, मनरेगा बीपीओ धर्मेंद्र कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तालाब का उद्घाटन किया। तालाब का निर्माण लगभग 5 लाख के लागत से किया किया जाएगा। बरही बीडीओ सी आर इंदवार ने बताया की आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है साथ ही उन्होंने कहा की जिस प्रकार तेजी से जलस्तर में गिरावट हो रही है। जलस्तर को बढ़ाने के लिए एवं जल संचय तथा जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा रहा है । वहीं उन्होंने कहा की तेजी से घटते भू - जलस्तर को देखते हुए सरकार द्वारा संचालित अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण का सशक्त माध्यम बनेगी। पानी की जरूरतें लगातार बढ़ रही है और भू जल स्तर तेजी से नीचे की और खिसक रहा है। ऐसे में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों का जीर्णोधार निसंदेह जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। समय के साथ हम तालाब की महता को भूलते गए, जबकि यह जल संरक्षण के प्रमुख केंद्र थे। जिसके कारण परिणाम आज परिणाम सबके सामने है। तालाब की बदहाली के कारण जल संचय नही होने से भू जलस्तर लगातार नीचे की तरफ जा रहा है। वैसे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सरकार का यह अभियान न सिर्फ जल संरक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि आम जनता में भी इसके लिए जागरूकता का भाव भरेगा। मौके पर मुखिया नारायण यादव, अशोक यादव, संजय यादव, बिनोद यादव, सुरेंद्र यादव, प्रिंस कुमार, रंजीत यादव, आरती देवी, चिंता देवी, कलावती देवी एवं प्रियंका देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## रेन्बो स्कूल के शिक्षक राहुल कुमार सिंह का ईएसआईसी में हुआ चयन, चेन्नई जोन में टॉप टेन में शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


राहुल सिंह को सम्मानित करते विद्यालय परिवार

बरही प्रखंड के शिवपुर में संचालित रेन्बो स्कूल बरही के विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार सिंह का चयन ईएसआईसी के तहत एमटीएस पद पर हुआ है। चयन के बाद विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बताते चले कि बरही खेरोन निवासी स्व लक्ष्मण सिंह के द्वितीय पुत्र व शिक्षक सोनू सिंह के छोटे भाई राहुल कुमार सिंह विगत दो वर्षो से शिक्षण कार्य के साथ साथ कंपटीशन की तैयारी में जुटे थे। 7 मई 2022 में उन्होंने कर्मचारी राज्य बीमा निगम ( ईएसआईसी) में एमटीएस की परीक्षा लिखा , जिसमे उनका चयन एमटीएस के पद पर हुआ है। आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में रेनबो स्कूल के शिक्षको और बच्चों के द्वारा गिफ्ट और बुके देकर उन्हें बधाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि हमारे विद्यालय के एक जिम्मेदार शिक्षक रहे हैं और आपने एक अच्छे अध्यापक होने की सभी जिम्मेदारियों का पूरी प्रतिबद्धता से पालन किया है। मुझे आज अपने विद्यालय के इतने होनहार अध्यापक कि विदाई का बहुत दुख है हालांकि इस बात का गर्व भी है की शिक्षक राहुल कुमार सिंह का चयन सरकारी पद पर हुआ है। ये हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। उनका स्वभाव और कठिन परिश्रम सदा हमारे दिलों में रहेगा। आगे की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं भी दी। वही शिक्षक राहुल कुमार सिंह ने कहा कि रेन्बो स्कूल में कार्य करते समय उन्होंने कई नई चीजों को भी सीखा। यहां के बच्चे काफी प्रतिभावान है। सभी सहकर्मी द्वारा एक बेहतर माहौल में अनुशासन के साथ बेहतर तरीके से पढ़ाई कराई जा रही है। । मौके पर शिक्षको में गौरी शंकर, पंचम कुमार पांडेय, प्रवीण कुमार, महेंद्र प्रसाद, राजेश कुमार, पवन कुमार, उषा कुमारी, स्वेता कुमारी, सुधा कुमारी, प्रीति कुमारी, रिंकी कुमारी, सरिता कुमारी रिफ्फत प्रवीण आदि उपस्थित रहें।

## पंचमाधव पंचायत भवन में मुखिया के अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत भवन में गुरुवार को मुखिया नीलम देवी के अध्यक्षता में अमृत महोत्सव उत्सव के आइक०निक वीक के बाद विशेष ग्राम सभा का बैठक किया गया। बैठक में 9 योजनाओं के चयन को लेकर चाचा किया गया। बैठक में पंचायत के वार्ड सदस्य एवं उनके जनप्रतिनिधि सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। वहीं मुखिया नीलम देवी ने पंचायत के सभी वार्ड सदस्यो से अपील किया की पंचायत भवन में आयोजित सभी सभाओं में आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। मौके पर उपमुखिया पार्वती देवी, देवन्ति देवी, पूनम देवी, उमेश प्रसाद यादव, राजेश रंजन, सुरेश रजक, चुरामण रजक, राजेश कुमार यादव, लतीफ मियां, घनश्याम सिंह, जम्हीर अंसारी, सोनामंती देवी, मनोज यादव, संजय यादव, राजेश चौधरी, ब्रह्मदेव ठाकुर, शाहिद अंसारी, शहजाद अंसारी, नंदकिशोर यादव, किरण देवी, प्रमिला देवी, मंजू देवी, फूल देवी, मीना देवी, कंचन देवी, गुड़िया देवी, चिंता देवी, डोमन रजक, तालो रजक, दिनेश कु यादव, गायत्री देवी, कलावती देवी, आशा रजक,पूनम देवी, अनीता देवी एवं नजमा खातून मुख्य रूप से मौजूद थी।

## सड़क दुर्घटना में घायल पड़ा युवक को प्रमुख ने अस्पताल ने कराया भर्ती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


घायल को लाते प्रमुख मनोज कुमार

बेलादोहर जाने वाली बंडी पहाड़ी के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार रामबच्चन यादव पिता जगदीश यादव (23) वर्ष जतघाघरा निवासी गंभीर रूप से घायल अवस्था मे पड़ा हुआ था। उसी समय विजैया से लौट रहे प्रमुख मनोज रजक की नजर उस पर पड़ी। तुरन्त उन्होंने अपनी गाड़ी रोककर घायल को अपने वाहन से अस्पताल ले आये और इस्की सूचना उनके घर वालो को दे दी। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में घायल रामबच्चन यादव का प्राथमिक उपचार हुवा। उसके बाद बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया। घटना के बाबत घायल ने बताया कि वह बाइक से बरही आ रहे थे। बंडी पहाड़ी के पास एक मारुति कार उसे टक्कर मारते हुए निकल गयी। घायल अवस्था मे प्रमुख जी के द्वारा मुझे भर्ती कराया गया।

## एबीवीपी ने राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही में किया पौधारोपण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल अभाविप के सदस्य

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरही इकाई के द्वारा राम नारायण यादव मेमोरियल क०लेज बरही में वृक्षारोपण किया। हजारीबाग से आए प्रवासी जिला संयोजक सोनू राय ने कहा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा पूरे भारत में एक करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य है जिसे भारत के पूरे राज्य के अभाविप कार्यकर्ताओं के द्वारा जुलाई के अंतिम माह तक पूरा किया जाना है। पौधारोपण व संरक्षण करके पर्यावरण को संतुलित किया जा सकता है। वही जिला सह संयोजक मनदीप यादव को बताया स्थापना काल से हैं राष्ट्र हित, छात्र हित और समाज हित में हमेशा कार्य करती है, आज के समय पौधा लगाना बहुत ही महत्वपूर्ण है, ताकि हमारा पर्यावरण हम संतुलित होकर चल सके, कार्यक्रम का संचालन पिंटू यादव ने किया,कार्यक्रम में मौके पर प्रो अजय कुमार, प्रो सत्येंद्र, प्रो बद्री साव, प्रो बबीता देवी,नगर सह मंत्री प्रभात कुमार,अभिषेक यादव, बंटी यादव,अमरजीत सिंह, अनिल यादव, ऋषि वर्मा, मंतोष यादव, मनीष कुमार, प्रवीण यादव, पवन कुमार, अमित कुमार यादव, पूजा राणा ,आरती कुमारी, खुशबू कुमारी, दीपक गुप्ता ,शबाना खातून, रोहित कुमार यादव, मुकेश कुमार, अभिषेक कुमार यादव, पवन कुमार यादव, अमरेश कुमार, रंजीत कुमार ,रोहित कुमार, रोहित कुमार ,गौरव कुमार, अभय यादव, सतीश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# अमृत महोत्सव को लेकर ग्राम सभा का आयोजन, मनरेगा के तहत योजनाओं का चयन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बैठक में शामिल वार्ड सदस्य एवं अन्य

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खोड़ाहर पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खोड़ाहर मुखिया अनीता देवी एवं संचालन उप मुखिया रोहित यादव ने किया । बैठक में प्रत्येक वार्ड में एक एक योजना का चयन कर उसे धरातल पर उतारने का प्रस्ताव पारित किया गया । मुखिया द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वार्ड सदस्य को अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को ग्राम सभा में रखनी चाहिए, ताकि उनके समस्याओं का समाधान सर्वसम्मति से किया जा सके। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी 13 वार्ड में मनरेगा योजना के तहत एक योजना अवश्य ली जाएगी। इसके साथ-साथ यह भी निर्णय लिया गया कि अमृत महोत्सव के उपलक्ष में 11 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक खोड़ाहर पंचायत के सभी घरों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा । इसके लिए मुखिया की ओर से सभी वार्ड सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया गया । मौके पर मुखिया अनिता देवी, उप मुखिया रोहित यादव, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, रामप्रवेश यादव,प्रकाश यादव, मुकेश पासवान, विकाश यादव, वार्ड सदस्य श्रवण सिंह, महेश सिंह , हरिताभ यादव, जितेंद्र यादव,सहित सभी नौ वार्ड सदस्य मौजूद रहे।

# माइनिंग की कार्यवाई, कोयला लदा दो ट्रक जप्त, पकड़े गए गिट्टी वाहनों का कटेगा चालान

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**






अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध चोरदाहा चेकपोस्ट पर खनन निरिक्षक सुनील कुमार, जिला खनन पदाधिकारी हजारीबाग व चौपारण थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर ने संयुक्त रूप से चलाया वाहन चेकिंग अभियान। वाहन चोकिंग के क्रम में चौपारण से बिहार कि ओर जाने वाली गाडियों का जाँच पड़ताल किया गया। इस दौरान दो कोयला लदे ट्रको का काग. जात अवैध पाया गया। दोनो ट्रको को जप्त कर खनन विभाग ने चौपारण पुलिस को सौप दिया। इस दौरान गिट्टी लदे कई वाहनों को भी पडका गया। खनन विभाग ने चालान कर दिया है। जिला खनन निरीक्षक के द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में चौपारण धाना काण्ड संख्या 203/22, धारा 414/420/34 भादवि एवं 4/21 माइनिंग एस्ट के तहत मामला दर्ज कर वाहन सख्या जेएच 02 एटी 4259 के चालक ध्रुव यादव पिता बद्री यादव मयूरहंड चतरा व ट्रक वाहन संख्या श्रभ्द्2ट 4650 के चालक शैलेश सिंह पिता रामफल सिंह तेतरिया, चौपारण हजारीबाग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जप्त कोयला में 25 - 25 टन कोयला लदा हुवा था।

# हाथ पैर बांध चाकू मारकर युवक को किया घायल, थाना में दिया आवेदन, प्राथमिकी में 7 पर आरोप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


घायल पंकज यादव

बरही प्रखंड अंतर्गत बेलहरा निवासी पंकज कुमार यादव उम्र 26 वर्ष पिता छत्रु यादव के साथ गांव के ही कुछ लोगो ने मारपीट कर उसे जख्मी ।कर दिया। घायल पंकज कुमार यादव को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया। इस संबंध में उन्होंने बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में केदार यादव, ध्रुव यादव, बहादुर यादव, राजेश यादव पिता ध्रुव यादव, रामसेवक यादव पिता शिवसहाय यादव, रिंकी देवी पति केदार यादव, सोहवा देवी पति ध्रुव यादव सभी बेलहरा निवासी को नामजद आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में उन्होंने बताया कि पहले से घात लगाए लोगों ने उन्हें रस्सी से बांधकर मारपीट की । चाकू से जानलेवा हमला किया। पुलिस के आने के बाद उसे छोड़ा गया।

# बेहराबाद में बिजली तार के संपर्क में आने से दो मवेशी की मौत, बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


घटना स्थल पर मौजूद लोग

भण्डारों पंचायत अंतर्गत बेहरबाद में बिजली तार गिरने से कुल 02 जानवरों की मौत हो गई। बरही थाना अंतर्गत बेहराबाद के पूर्णाआहर में बिजली का तार गिरने से इसकी चपेट में आकर गुरुवार को लगभग 04 बजे शाम दो जानवरों की मौत हो गई। इनमें एक भैसा एवं एक भैंस शामिल हैं। घटना की जानकारी के बाद वहां लोगों की काफी भीड़ एकत्र हो गई। लोगों में झारखंड विद्युत बोर्ड की लापरवाही के प्रति काफी आक्रोश व्यक्त था। भण्डारों पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव भी घटना स्थल पर पहुंचे। मुखिया रीना देवी ने बिजली विभाग के एसडीओ व इंजीनियर को मामले से अवगत कराया। इसके बाद वहां आने को कहा। मवेशियों के मालिक को मुखिया ने हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक मावेशी चरने गए थे। इसी दौरान बस्ती से गुजर रही विद्युत तार टूट कर जानवरों पर गिर गया। यह संयोग ही रहा कि बच्चे या फिर अन्य लोग वहां नहीं थे। बारिश में करंट की चपेट में आने से मवेशियों की मौत का सिलसिला जारी है। तेतरिया भण्डारों के भुनेश्वर यादव पिता सोधु यादव ग्राम तेतरिया भण्डारों का दोनों जानवर था । भुनेश्वर यादव के द्वारा बताया जा रहा है कि भैस का पेट मे 08 माह का बच्चा भी है उक्त घटना के समय मौके पर वार्ड सदस्य बीरेंदर पांडेय, सुखदेव पांडेय, वार्ड सदस्य तुलसी रविदास, शिवशंकर पांडेय, भुनेश्वर यादव, रामदेव यादव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बरही पूर्वी पंचायत भवन में मुखिया के अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पूर्वी पंचायत भवन में गुरुवार को मुखिया मीनू देवी के अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। वहीं उपस्थित वार्ड सदस्यों के बीच वर्ष 22/23 के लिए गुरुवार को ग्राम सभा में ली गई योजना को पंचायत के ग्राम सभा पंजी में दर्ज किया गया। मौके पर उपमुखिया मनोज कुमार उपाध्याय, सुनीता कुमारी, टुंपा कुमारी, अनुसुइया देवी, माया देवी, दीपमाला सिन्हा, बुरेंद्र कुमार साव एवं दिलीप कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## थाने में पड़ी गाड़ियों को नीलामी का इंतजार : संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


संजय यादव

बरही के वरिष्ठ समाजसेवी संजय यादव ने हजारीबाग उपायुक्त से अपील किया की हजारीबाग जिला के विभिन्न थानों में बरामद की गई गाड़ियों को अपने नीलामी का इंतजार है। इनमे से अधिकांश तो पूरी तरह से सड़कर अस्तित्व खो चुकी है। यदि समय से नीलाम कर दिया जाता तो सरकार को राजस्व की प्राप्ति होने के साथ ही गाड़ियों का सही प्रयोग भी हो सकता था। अब नीलामी के कार्य में कौन से बाधा है। उन्होंने हजारीबाग उपायुक्त से अपील किया की हजारीबाग जिला के विभिन्न थानों में आम जनों के लिए नीलामी खुली डाक के अनुसार अनेकों पड़ी परिसंपतियो का नीलामी करवाने का कष्ट करे।

## बिजली मिस्त्री को लगा ग्यारह हजार वोल्ट का झटका, स्थिति गंभीर





**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां थाना क्षेत्र के पिहरा पूर्वी पंचायत अंतर्गत तेलियाडीह गांव में स्थित एक ट्रांसफार्मर पर गुरुवार को स्थानीय बिजली मिस्त्री संजय चौधरी चढ़ कर काम कर रहा था तभी अचानक ग्यारह हजार वोल्ट का करंट ट्रांसफार्मर में प्रवाहित हो गया। करंट प्रवाहित होते ही मिस्त्री बेसुध होकर ट्रांसफ०र्मर में लटक गया और बुरी तरह झुलस गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे किसी तरह नीचे उतारा गया और उसके परिजनों को सूचना दी गयी। आनन फानन में परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां ले गए जहां डॉ देखते ही रेफर कर दिया। उसके बाद परिजन उसे बेलाटांड़ अस्पताल ले गए जहां इलाज चल रहा है। खबर लिखे जाने तक घायल की स्थित में थोड़ा सुधार होने की बात कही गयी।

## ब्रह्मा विद्या योग द्वारा सत्संग का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही गया रोड में स्थित अनिल केशरी के निवास पर गुरुवार को ब्रह्मा विद्या विहंगम द्वारा सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमे स्वहतगान सिकंदर सिंह, मंगलगान सीताराम केशरी, उद्घोष कृष्णा कुमार गुप्ता, मल्यापर्ण सामूहिक, ज्ञान गुदड़ी पाठ सामूहिक, स्वर्वेद पाठ सीता राम केशरी एवं भजन पूनम मिश्रा एवं सिकंदर सिंह, प्रवचन ड० महेश प्रसाद, वंदना सामूहिक, ध्वजारोहण सामूहिक, आरती सामूहिक, शांतिपाठ सामूहिक एवं शांतिपाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर सिकंदर सिंह, बद्री सिंह, किशोरी उर्फ सत्येंद्र सिंह, सूरज प्रसाद केशरी,अनिल केशरी, गोपाल केशरी, सोना केशरी, चम्पा देवी, पूनम भारती, आरती केशरी, भारती केशरी, सविता देवी, मीनाक्षी गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## जमुआ प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय किरतनियाडीह विद्यालय बना लूट का अड्डा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला के जमुआ प्रखंड में बेरहाबाद पंचायत में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कीर्तनियाडीह के विद्यालय सचिव सह प्रधानाध्यापक जयप्रकाश वर्मा पर विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावको ने मध्यान भोजन की राशी गबन करने, चार महीने से मध्यान भोजन मनमाने तरीके से बंद करने और विद्यार्थियों/अभिभावकों द्वारा शिकायत करने पर उल्टे मुकदमे में फंसा देने का धमकी देता है जैसे कई अन्य गंभीर आरोप लगाया है। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों की शिकायत और बुलावे पर जब मिडिया कर्मी उक्त विद्यालय पहुंचे और सचिव से उक्त सभी आरोपों पर स्पष्टीकरण मांगा तो विद्यालय के एक कमरे से आठ से दस अनजान लोग निकले और मिडिया कर्मियों को घेर लिया और तरह तरह की धमकी देने लगे। ग्रामीणों ने जब इस बात का विरोध किया तब मिडिया कर्मियों को अज्ञात आठ से दस लोगों ने अपने चंगुल से मुक्त किया और ग्रामीणों से उलझ गए। ग्रामीणों की संख्या बढ़ती हुई देखकर प्रधानाध्यापक जयप्राकाश वर्मा अपने बुलाए हुए आदमियों को भागने के लिए बोलने लगे। कई अज्ञात भागे और कई को ग्रामीणों ने रोक लिया। ग्रामीणों ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो प्रधानाध्यापक ने कहा कि मेरे बुलावे पर ए लोग आए थे जिसने कई शिक्षक थे। ग्रामीणों ने जब सवाल किया कि दूसरे विद्यालय से शिक्षक को क्यूं बुलाए, जिस विद्यालय के ए शिक्षक हैं उस विद्यालय का पठन पाठन बाधित हुआ उसका पूर्ति कैसे और कौन करेगा। प्रधानाध्यापक ने तैश में आकर ग्रामीणों को कड़ी आवाज़ में बोला की सरकारी नियमानुसार विद्यालय की कार्य दिवस की शुरुआत और छुट्टी के समय रहना जरूरी है बाकी बीच के समय में हम सरकारी शिक्षक कहीं भी आ जा सकते हैं, जिसको जो शिकायत करनी है जहां करनी है कर दिजिए मुझे कोई फर्क पड़ने वाला नही है। मिडिया कर्मियों ने दुबारा उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक से पूछताछ करने पर हंसते हुए कहा कि जब स्थानीय ग्रामीण आज तक मेरा कुछ बिगाड़ नही पाए तो गिरिडीह से आए मिडिया कर्मियों की क्या औकात। जाइए मेरे बारे में जो न्यूज बनाना है बना दो मेरे साथ बहुत आदमी है जब चाहेंगे उठवा देंगे और झूठे केस में फंसाकर जेल में सड़वा देंगे। मिडिया कर्मियों ने प्रधानाध्यापक के हिटलरी फरमान को देखते विद्यालय परिसर से निकल जाना ही बेहतर समझा और निकल गए। जब प्रधानाध्यापक विद्यालय से अपने आवास को निकले तो एक बार फिर से रुकने का इशारा किया तो वे वाहन जोर से भगाने की चक्कर में अनबैलेंस होकर बाइक सहित झुक गए जब मिडिया कर्मि उसे संतुलित खड़ा करने गए तो पीछे से आ रहे उसके सहयोगी ने फिर से मीडियाकर्मियों को फिर से घेर लिया और फिर से झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगा। अंततः मिडिया कर्मियों ने प्रधानाध्यापक से छुटकारा पाने के लिए निकल पड़े।

## पत्रकार को मातृ शोक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा के पत्रकार सुनील कुमार की माता जी का निधन बुधवार रात्रि को हो गया 82 वर्षीय मंदोदरी देवी की तबीयत पिछले कुछ समय से खराब चल रही थी. जिनकी बुधवार 13 जुलाई की रात को घर पर ही मौत हो गई. जिसकी दुःखद समाचार मिलने पर बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, समाजसेवी मणिलाल चौधरी, पूर्व मुखिया बसंत साव, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी, संजय गुप्ता, उमेश कुमार चौधरी, बिन्दु सोनी, इन्द्रजीत प्रसाद, संजय यादव, जागेश्वर यादव, बबलू श्रीवास्तव, सूरज लाल, बसंत कुमार, बिक्की लाल समेत अन्य लोगों ने मृतक के घर पहुँचकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना प्रकट किया ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## केशोडीह पँचायत भवन में सरकारी योजना को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के केशोडीह पंचायय भवन में गुरुवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सरकारी योजना चयन को लेकर एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत के ग्रामीणों ने सरकारी योजना चयन कर रजिस्टर में विभिन्न योजना को दर्ज किया वहीं मुखिया श्री वर्मा ने कहा कि इस ग्राम सभा मे विभिन्न कल्याणकारी मनरेगा व 15 वी वित्त आयोग का योजना का चयन कर रजिस्टर में दर्ज कराना है ताकि पँचायत का समुचित विकास हो सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया कृष्ण कांत वर्मा पँचायत सेवक कमलेश्वरी तिवारी रोजगार सेवक सुरेश वर्मा उप मुखिया अनुज कुमार वार्ड सदस्य रेशमी देवी रेखा देवी देवंती देवी अजय कुमार प्रियदर्शी बेबी कुमारी गुड़िया देवी समेत कई ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## बलगो और बाराडीह पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी बाराडीह पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया ग्राम सभा के अध्यक्षता मुखिया सहदेव यादव ने किया ग्राम सभा का उद्देश्य प्रतिष्ठित सप्ताह में लिए गए विषयों पर चर्चा हुई इस विशेष ग्राम सभा में मौजूद थे पंचायत समिति सदस्य मंजूर अंसारी पश्चिमी भाग पंचायत समिति सदस्य रिंकू कुमारी उप मुखिया नारायण यादव वार्ड सदस्य मुकेश शर्मा दुलारे यादव बलराम यादव रामदेव बर्मा पंचायत सचिव कालीचरण महतो रोजगार सेवक अशोक यादव स्वंय सेवक रंजीत यादव संतोष राणा जल सहिया सहिया दीदी पूर्व पंचायत समिति सदस्य नागेश्वर यादव सामाजिक कार्यकर्ता इजराइल अंसारी श्रीराम यादव सिटन बैठा महादेव यादव भरत यादव अर्जून यादव बासुदेव दास बन्शी तुरी शिवा तुरी नारायाण कुमार यादव इदरीश अंसारी बद्री मियां अशोक शर्मा हिरा लाल यादव सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। वही बलगो पंचायत भवन बलगो में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुखिया श्री मति कुशुम देवी ने किया। ग्राम सभा का उद्देश्य प्रतिष्ठित सप्ताह में चर्चा में लिए गये विषयों से सम्बंधित प्रस्ताव लेने के सम्बन्ध। जिसमें मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार दास, रोजगार सेवक मुरलीधर वर्मा, शिक्षक गण, आंगनबाडी सेविका, उपमुखिया प्रतिनिधि मुस्तकीम अंसारी, वार्ड सदस्य, पंचायत स्वयं सेवक एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

## अरारी मुखिया प्रमिला देवी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी गिरिडीह को लिखा पत्र

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड के अंतर्गत अरारी मुखिया प्रमिला देवी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी गिरिडीह को लिखा पत्र पत्र में कहा कि निम्न स्कूल उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलाहाजोरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेशखावाटाँड़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरारी बम्बरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय डबरी इन सभी विद्यालय जो सड़क मुख्य मार्ग से सटे हुए हैं। जिसके कारण कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है पूर्व में कई बार छोटे-मोटे दुर्घटना हो चुकी है उपरोक्त महोदय से आगरा होगा की सभी विद्यालयों में चारदिवारी करवा दे ताकि सभी विद्यायल के बच्चे सुरक्षित रह सके। मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा वा उप मुखिया जितेंद्र यादव ने अपने पंचायत की शिक्षा संबंधित विभिन्न समस्याओं से जिला शिक्षा पदाधिकारी पुष्पा कुजूर को अवगत कराया जो शिक्षक की कमी की को दूर करना विद्यालय की चारदीवारी की समस्या एमडीएम की राशि का बंदरबांट मरकोडीह विद्यालय में शौचालय की व्यवस्था नहीं होने की समस्या को लेकर जिला पदाधिकारी पुष्पा कुजूर को अवगत कराया एवं जल्द समस्या की निवारण करने को कहा

## सड़क दुर्घटना में दो अलग-अलग स्थानों पर दुर्घटनाग्रस्त दो घायल रेफर

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**मुंताज अंसारी**



बिरनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्य गेट के सामने देर रात लगभग 8 :30 बजे टीवीएस अपाचे री 01 तल 4769 ने बचनी देवी 45 पति स्वर्गीय राकेश दस को जोरदार टक्कर मारी जिससे महिला घायल हो गई महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कैम्पस में रह मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करती है देर शाम ओ काम कर अपने आवास जाने के दौरान यह हादसा हुआ मोटरसाइकिल राजधनवार क्षेत्र की बताई जा रही है बरमसिया से बिराजपुर की ओर जा रही थी जिसमें दो ब्यक्ति सवार थे जिसमें चालक को भी हल्की चोटें आई है वहीं देर रात लगभग 9:30 बजे मोटरसाइकिल सवार पलौंजिया(बनपुरा) निवासी राजेन्द्र मोदी 50 वर्ष को अपने घर के पास हजारीबाग से सिलीगुड़ी जा रही महिंद्रा पिकअप वैन ने जोरदार मारा जिससे मोटरसाइकिल सवार राजेन्द्र मोदी भी दुर्घटना ग्रस्त हो गए जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी में डॉ अंकुर कुमार ने किया तथा दोनों की नाजुक स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के रेफर कर दिया गया पिकअप वैन में सब्जी लदा हुआ था जिसका नम्बर री02 इ 4426 है वहीं चालक अजित कुमार सिंह रांची तथा पिकअप वैन हजारीबाग की बताई जा रही है स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी ले जाया गया जिसका उपचार डर अंकुर कुमार ने किया साथ ही बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया वहीं सिमराढाब पंचायत मुखिया दिलिप दास ने घटनास्थल पर पहुंचकर उपचार में सहयोग किया जिसमें सूरज मोदी,अरविंद कुमार,पंकज साव,आनन्द कुमार,पंकज हिंदुस्तानी, रंजीत राय,अजय पांडेय,कुंदन कुमार,राजू साव,विनोद मोदी,सुरेश मोदी,बिट्टू कुमार,मुन्ना मोदी,आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी धोती लूंगी का किया गया वितरण

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के अंतर्गत बरमसिया पंचायत के ग्राम टाटा जन वितरण प्रणाली दासो महतो की दुकान में गुरुवार को सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी लूंगी धोती बरमसिया पंचायत के मुखिया विष्णुदेव प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में वितरण किया गया पीडीएस के अध्यक्ष दासो महतो ने बताया कि इस जन वितरण प्रणाली दुकान में 260आच्छादित पीएचएच अंत्योदय एवं ग्रीन कार्ड धारियों के बीच धोती साडी लुंगी का वितरण किया जायेगा मुखिया विष्णुदेव प्रसाद वर्मा कहा कि रोटी कपड़ा हर मकान जैसे मूलभूत आवश्यकता को पूरा करने के लिए सरकार कृत संकल्प है और हम जैसे पंचायत प्रतिनिधि को शत प्रतिशत जनकल्याणकारी योजनओ को प्रदर्शित से धरातल पर उतारने का काम करेंगे। मौके पर हेमलाल वर्मा टेकलाल वर्मा पंचू महतो साबिया देवी लीलावती देवी सरिता देवी बलिया देवी रीना देवी मुद्रिका देवी बनवारी वर्मा बाबूलाल महतो लक्षमण महतो के साथ दर्जनों महिला परुष उपस्थित रहे।

## जंगल का पत्थर उपयोग कर भंडार में बना डाला गाड़वाल, राशि का हुवा बंदरबांट


### भगहर का मामला, लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा सड़क, अनियमितता का आरोप






**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

उग्रवाद प्रभावित भगहर अब धीरे धीरे विकास की पटरी पर लौट रहा है। मूलभूत सुविधाओं का दायरा अब भगहर में बढ़ने लगा है। लेकिन संवेदक की लापरवाही व विभाग के मौन कि वजह से भंडार में लगभग एक करोड़ पचास लाख के लागत से बनने वाले सड़क व गाड़वाल में अनियमितता का भेंट चढ़ गया। मिलीभगत से सरकारी राशि का बंदरबाँट किया जा रहा है। जंगल से लाये गए मरे हुए पत्थरो का प्रयोग कर गाड़वाल बना दिया गया। वाइरल तस्वीर में स्पस्ट रूप से देखा जा सकता है कि जंगल के पत्थर का प्रयोग किया गया। ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने कर आननफानन में गाड़वाल का ढलाई कर लीपापोती कर दिया गया है। पारिजात कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा सड़क व गाड़वाल का निर्माण किया जा रहा है। भंडार चौमुहाने रूपिंदार से कंडातरी भाया भंडार तक लगभग दो किमी सड़क व गाड़वाल का निर्माण किया जा किया जा रहा है। ग्रमीणों का आरोप है कि मुख्यालय से दूरी की वजह से कोई भी पदाधिकारी सड़क निर्माण कार्य को देखने नही आते। संवेदक व स्थानीय पेटिदार के मनमानी से सड़क निर्माण कार्य को जैसे तैसे कर दिया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिखाने के लिए अच्छे पत्थर रखे गए है लेकिन पूरे गाड़वाल में जंगल के पत्थर का उपयोग किया गया है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आजादी की अमृत महोत्सव के तहत बड़कागांव मध्य पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : आजादी की अमृत महोत्सव के अंतर्गत बड़कागांव मध्य पंचायत में बृहस्पतिवार को ग्राम सभा का आयोजन की गई। ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह एवं संचालन पंचायत समिति सदस्य रितेश कु. ठाकुर ने किया। आईक०निक वीक के दौरान चर्चा में ली गई विषयों पर गहन मंथन किया गया तथा 11 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर में झंडा फहराने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्राम सभा में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन के फार्म जमा लिया गया। साथ ही, पंचायत के विकासात्मक कार्य जैसे नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, पीसीसी सड़क, नालियों की स्लीपिंग, स्वच्छता, शिक्षा एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने को लेकर विचार-विमर्श की गई। मौके पर उपस्थित मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश कु. ठाकुर ने कहा कि सरकार के द्वारा योजनाओं एवं लाभों को हर जरूरतमंद तक पहुंचाया जाएगा। ग्रामीणों से अपने अगल-बगल नाली एवं वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील की गई। ग्राम सभा में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य रितेश कु. ठाकुर, मुखिया मो तकरीरमुल्लाह, म०डर्न पब्लिक स्कूल के संचालक मो इब्राहिम, उप मुखिया अमर कुमार राणा, पंचायत सचिव दिना राम, वार्ड सदस्यों में लीला देवी, निर्मला कुमारी, समीना खातून, सीमा देवी, सविता देवी, गणेश राम, सपना देवी, मुस्कान परवीन, जल सहिया नीतू देवी, सेविका अफरोज खातून, सुनीता देवी, कुलेश्वरी देवी, सिकंदर सोनी, मो सहजाद, संतोष राम, मो मजहर के अलावा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पंचायत भवन बादम में ग्राम सभा की बैठक संपन्न

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बादम पंचायत भवन में मुखिया सुनीता देवी की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा की बैठक गई। बैठक का संचालन पूर्व मुखिया दीपक कुमार दास ने किया । आइक०निक वीक में चलाए गए पंचायत सशक्तिकरण आज़ादी का अमृत महोत्सव हेतु जन जागरूकता अभियान, स्वस्थ पंचायत, गरीबी मुक्त पंचायत वा गांव सशक्त ,बालक शिक्षित, तथा पंचायत के विकास हेतु योजनाओं का चयन किया गया। मनरेगा, 15वीं वित, कृषि विभाग की योजना, महिला सशक्तिकरण की योजना, उपस्थित सदस्यों ने ग्राम सभा में दिया। इस बैठक में पंचायत समिति सदस्य राजा खान, रमणिका कुमारी, उप मुखिया संगीता कुमारी, वार्ड सदस्य शारीक. अशरफ, राजेश कुमार दास, अनिल प्रसाद गुप्ता,विक्रम गुप्ता, पूर्व वार्ड सदस्य जाविद हुसैन, अर्जुन चौधरी,विनोद राम, संतोष कुमार कुशवाहा,वार्ड सदस्य प्रमोद कुमार महतो, रोजगार सेवक फज्जलुर रहमान, पंचायत सेवक खुशनारायण मेहता, जमाल सगीर, शंकर रजक, सुरेश पासवान, जल सहिया बबिता कुमारी, त्रिलोकी साव, शांति देवी, आर्यन कुमार, ललन कुमार , जुनैद अहमद, अहमदुल्लाह, संजय प्रजापति, वार्ड सदस्य लाछो देवी, मनोज महतो, सुर्फेंद्र महतो सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिप सदस्य यासमीन निशा ने की कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



उद्घाटन करते जिप सदस्य यास्मीन निशा

बड़कागांव बादम रोड स्थित थाना के सामने गेस्ट हाउस परिसर में मार्गदर्शन कंप्यूटर सेल्स एंड सर्विस सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने फीता काटकर किया ।मौके पर यासमीन निशा ने कहा कि इस क्षेत्र में मार्गदर्शन कंप्यूटर खुलने से विद्यार्थियों को डिजिटल की पढ़ाई आसान होगी ।और मैं आशा करती हूं कि मार्गदर्शन कंप्यूटर सेल सर्विस सेंटर द्वारा लोगों को सुविधाएं मिलेगी। क्षेत्र में मार्गदर्शन कंप्यूटर पर खुलने से लोगों को कंप्यूटर के लिए हजारीबाग एवं रांची नहीं जाना पड़ेगा । मौके पर निदेशक मनोज कुमार ,निशा फुल देवी, सुष्मिता कुमारी मॉडल पब्लिक प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ,दिनेश श्रीवास्तव ,प्रवीण कुमार मेहता, देवनाथ कुमार ,अरविंद कुमार, नवनीत सिंह , मोहम्मद सलीम, कुलदीप कुमार ,रोशन कुमार मेहरा, मंजूर हुसैन, अशोक कुमार साह आदि उपस्थित थे।

## अवैध कोयला कारोबार के दो वारंटी अभियुक्त जेल भेजे गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर पुराने कांडों की दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि बड़कागांव थाना अंतर्गत पुराने कांडों के विशेष अभियान के दौरान बड़कागांव थाना कांड संख्या 37/22 , धारा 414 34 भादवी एवं 33 वन अधिनियम तथा 30(पप) कोल माइंस अधिनियम के अभियुक्त संजय महतो पिता पारसनाथ महतो ग्राम राव. तपारा एवं कांड संख्या 2421 , धारा 414, 34 भादवी एवं 33 वन अधिनियम तथा 30 कोल माइंस अधिनियम के अभियुक्त इबू खान पिता सैफुल्लाह खान ग्राम बादम दोनों थाना बडकागांव हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायालय में अग्रसा. रित किया गया और जेल भेजा गया।

## मुखिया संघ अध्यक्ष ने किया पांच सौ पौधा का वितरण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




बच्छई मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने पंचायत भवन डुमरी में कार्यकारणी की बैठक के बाद ग्रामीणों व सदस्यों के बीच पांच सौ पौधा का किया वितरण। इस दौरान बिरेन्द्र रजक के अगुवाई में पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण किया गया। मुखिया ने उपस्थित वार्ड सदस्यों व ग्रामीणों को पौधारोपण व पौधा संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान आज़ादी के अमृत महोत्सव पर विशेष ग्राम सभा कर मुखिया के अगुवाई में 15वे वित्त एवम मनरेगा के तहत योजना लिया गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिरेन्द्र रजक ने कहा कि पूर्व मुखिया कुन्ती देवी के कार्यो को आगे बढ़ाना है। कहा आप सब अपने जीवन मे एक पौधा जरूर लगावे ताकि हमारे क्षेत्र में हरियाली बना रहे। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया कुन्ती देवी, जल सहिया, स्वाथ्य सहिया, सभी वार्ड सदस्य, शिक्षक शंकर दयाल साव, गंगा यादव, तस्लीम अंसारी, तौसीफ अंसारी, गणेश भुइयाँ, लिलो साव, सुगदेव यादव, गिरधारी रविदास, प्रमोद राणा, सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## डोरी एक्ट के एक अभियुक्त को राजपुर पुलिस ने भेजी जेल

### पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का था मामला दर्ज

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी :-राजपूर पुलिस ने गुरूवार को डोरी एक्ट के मामले में एक नामजद अभियुक्त को चतरा मंडल कारा भेज दिया ।थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया की गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र के साकिम जैगीर टोला अजनियाँ टांड़ निवासी पिंटू प्रजापत्ति पर उसी की पत्नी गुड़िया देवी ने दहेज उत्पीड़न को लेकर राजपुर थाना में मामला दर्ज करवाई थी ।जिसमे राजपुर थाना कांड संख्या 02/2022 दर्ज किया गया था ।मामला दर्ज होंने के युवक फरार था ।लेकिन बुधवार की शाम राजपुर पुलिस ने अभियान चलाकर युवक को जैगीर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया ।महिला की मायके कैंडी नगर है।

## भाजपा नेता सह जमरी बक्सपुरा पैक्स अध्यक्ष ने प्रखण्ड को आकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग किया

### आसाढ़ माह में आधा धान रोपनी का हो जाता था काम

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :- भाजपा नेता सह जमरी बक्सपुरा पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने उपायुक्त एवं झारखण्ड सरकार से कान्हाचट्टी प्रखण्ड के साथ साथ चतरा जिले को आकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग किये हैं ।जितेंद्र सिंह ने कहा की 14 जुन से झारखण्ड में मानसून प्रवेश करता है और जुलाई माह के 15 तारीख हो गया लेकिन पानी और वर्षा के अभाव में किसान अपने अपने खेतों के बिचडा भी अब तक नहीं डाल पाए हैं ।श्री सिंह ने कहा कि आसाढ़ माह तक किसान आधे से ज्यादा खेती का काम कर लिया करते थे लेकिन मौसम की बेरुखी से इस वर्ष किसान अपने अपने खेतों के बिचड़ा भी नहीं डाले है ।जिससे किसानों की चेहरे की मुस्कान मौसम ने छीन लिया है ।सिंह ने उपायुक्त एवं खारखण्ड सरकार से क्षेत्र को सुखा (आकाल)क्षेत्र घोषित करते हुए किसानों के लिए जीव. ीकोपार्जन के लिए योजनाएं चलाने की मांग की है।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार